# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS
## COMPILED BY MEDIA CELL (28.12.2024)

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.12.2024, PAGE-06

अच्छी खबर | विश्वविद्यालय के इंक्यूबेशन सेल ने तैयार किए हैं तीनों प्रोडक्ट, ये हर्बल उत्पाद लोगों को कम कीमत पर मिल सकेंगे, साइड इफेक्ट भी नहीं

# बीआरएबीयू जनवरी में बाजार में उतारेगा अपने तीन उत्पाद

हि एक्सक्लूसिव

मुजफ्फरपुर प्रसं। बीआरएबीयू जनवरी में अपने तीन उत्पाद लांच करेगा। इनमें हर्बल फ्लोर क्लीनर, हर्बल टूथ पाउडर और हर्बल माउथ वॉश शामिल हैं। केमेस्ट्री विभाग में बने इनोवेशन एंड इंक्यूबेशन सेल ने इन उत्पादों को तैयार किया है। इसे बाजार में उतारने से पहले बीआरएबीयू प्रशासन एफएसएसएआई (भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण) से अनुमति लेगा। इसके लिए संस्थान को पत्र भेजा जा रहा है। इंक्यूबेशन सेल से जुड़े व केमेस्ट्री के सहायक प्राध्यापक डॉ. अभय नंदा श्रीवास्तव ने बताया कि तीनों उत्पादों पर काम अंतिम दौर में है। जनवरी में तीनों उत्पाद बाजार में उतारने की तैयारी है। इसके लिए जो भी आवश्यक प्रक्रिया है उसे किया जा रहा है।

**सूबे में पहली बार किसी विवि का आएगा उत्पाद:** बीआरएबीयू में तैयार तीनों उत्पाद बाजार में लांच हुए तो यह सूबे में पहला विवि होगा जिसका कोई उत्पाद बाजार में उतारा जाएगा। बिहार विवि में पिछले दिनों इंक्यूबेशन सेल का गठन कुलपति प्रो दिनेश चंद्र राय ने किया था। इसके बाद रजिस्ट्रार प्रो. अपराजिता कृष्णा ने सेल के कामकाज की रूपरेखा तय की। सबसे पहले फिनाइल बनाने का प्रस्ताव पास हुआ था। इसके बाद केमेस्ट्री विभाग में इस पर काम शुरू किया। प्रो. अभय नंदा श्रीवास्तव ने बताया कि बीआरएबीयू के ये हर्बल उत्पाद कम कीमत में लोगों को मिल सकेंगे। हालांकि हर्बल होने से एक्सपायरी कम दिन की होगी। इसका साइड इफेक्ट नहीं होगा। इन उत्पादों में नीम व तुलसी जैसे तत्वों का इस्तेमाल किया गया है। टूथ पाउडर में मीठी तुलसी का उपयोग किया गया है।

- हर्बल फिनाइल, टूथ पाउडर और माउथ वॉश की लांचिंग होगी
- एफएसएसएआई से अनुमति के लिए भेजा जा रहा है पत्र



केमेस्ट्री विभाग में हर्बल प्रोडक्ट बनाने की तैयारी।

### विज्ञान-प्रौद्योगिकी विभाग से ली जाएगी मदद

विवि प्रशासन इन तीन उत्पादों को तैयार करने के अलावा इंक्यूबेशन सेंटर चलाने के लिए विज्ञान प्रौद्योगिकी विभाग से भी मदद लेगा। विवि कई और उत्पाद बनाने पर विचार कर रहा है। इंक्यूबेशन व इनोवेशन सेंटर में मखाना के कुछ उत्पाद बनाने और एलईडी बल्ब बनाने का भी प्रस्ताव है। इसके लिए आर्थिक मदद की जरूरत है। इसलिए विवि विज्ञान-प्रौद्योगिकी पर्षद से भी फंड देने के लिए अनुरोध किया जाएगा।


**Ref:....................** **Date:.........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 28.12.2024, PAGE-08

# आरडीवी, एचएमवाई, वर्द्धमान व रांची विवि प्री-क्वार्टर फाइनल में

- ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप
- दूसरे राउंड में छह मैच खेले गये, प्री-क्वार्टर मुकाबले आज

मुजफ्फरपुर, खेल संवाददता। एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के सिंथेटिक कोर्ट पर चल रहे ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी वीमेंस बास्केटबॉल चैम्पियनशिप-2024 के दूसरे दिन शुक्रवार को दूसरे राउंड के छह मैच खेले गये। पहले मैच में रामा देवी वीमेंस यूनिवर्सिटी, ओडिसा ने दीन दयाल यूनिवर्सिटी, गोरखपुर को रोमांचक मुकाबले में 44-43 अंकों से पराजित कर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे मैच में हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी, दुर्ग ने पं. रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी, रायपुर को एकतरफा मुकाबले में 57-20 अंकों से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। तीसरे मुकाबले में विश्व भारती यूनिवर्सिटी, कोलकाता ने जाधवपुर यूनिवर्सिटी, कोलकाता को 48-26 अंकों से शिकस्त देकर प्री-क्वार्टर में पहुंचने वाली इस टूर्नामेंट में तीसरी टीम रही। वहीं दूसरे सत्र में खेले गये चौथे मैच में वर्द्धमान यूनिवर्सिटी ने एसजीजीवी, सरगुजा को 64-39 अंकों से, पांचवें मैच में रांची यूनिवर्सिटी ने रेवेन्शा यूनिवर्सिटी, कटक को 43-34 से एवं उत्कल यूनिवर्सिटी ने विश्व भारती, कोलकाता को 37-20 अंकों से पराजित कर अगले दौर में स्थान पक्का किया। दिल धड़काने वाले मैच के पहले क्वार्टर में दीनदयाल यूनिवर्सिटी की टीम बढ़त बनाये हुए थी। लेकिन, दूसरे क्वार्टर में रामा देवी यूनिवर्सिटी की टीम ने वापसी करते हुए दीन दयाल यूनिवर्सिटी को टक्कर देना शुरू किया। तीसरे और चौथे क्वार्टर में दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने बराबरी का खेल दिखाया। चौथे क्वार्टर में एक-एक अंक के लिए एक-दूसरे पर तेज हमले होते रहे। उतार-चढ़ाव के इस मुकाबले में आखिर जीत रामा देवी यूनिवर्सिटी को मिली। रामा देवी यूनिवर्सिटी की टीम ने 44 अंक बनाये, जबकि दीन दयाल यूनिवर्सिटी को 43 अंक प्राप्त हुए। दूसरे मैच में पहले क्वार्टर से ही हेमचन्द्र यादव यूनिवर्सिटी की टीम विपक्षी टीम पर हावी रही। लगातार हमले से रविशंकर यूनिवर्सिटी की टीम डिफेंसिव खेलने पर विवश हो गई। लिहाजा उसके अटैकरों ने कई बॉल बास्केट में डालकर अपनी टीम को 20 के मुकाबले 75 अंकों से परास्त कर दिया।



भगवानपुर स्थित एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट में शुक्रवार को बास्केटबॉल प्रतियोगिता में मैच का दृश्य।

### बीएफआई के अभिजीत यादव मुख्य रेफरी

आज के मैचों के मुख्य रेफरी बीएफआई के अभिजीत यादव, रेफरी दीपक कुमार, गोपाल सिंह राणा, अमित कुमार आदि रहे। आज के अतिथि एसबीआई भगवानपुर ब्रांच के सीनियर मैनेजर मनीष झा, जिला बास्केबॉल एसोसिएशन के अध्यक्ष आमोद दत्त, आरबीबीएम कॉलेज की प्राचार्य डॉ. ममता रानी, विवि के वरीय अधिकारी डॉ. कल्याण झा, एलएन मिश्रा कॉलेज ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट के कुलसचिव डॉ. शारतेन्दु शेखर, एमडीएए के अध्यक्ष रामप्रमोद राम, डॉ. रजनीश गुप्ता एचओडी साइकोलॉज, डॉ. सुबालाल पासवान एग्जाम कंट्रोलर व डॉ. धीरेन्द्र ने विभिन्न टीमों से परिचय प्राप्त किये। सभी का स्वागत डॉ. कांतेश कुमार व खेल परामर्शी आईएएस डॉ. संजय सिन्हा ने किया।

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE:28.12.2024, PAGE-06**

# पीजी के चार सत्रों का रिजल्ट डिजिलाकर पर होगा

## बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के छात्रों को डिजिलाकर फार्मेट में अंकपत्र भी पोर्टल पर होगा प्रदर्शित

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर:** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के छात्र नए वर्ष में डिजिलाकर पर पीजी के चार सत्रों का परिणाम देख सकेंगे। डिजिलाकर के फार्मेट में उन्हें पीजी का अंकपत्र भी पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। सीबीसीएस यानी च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम लागू होने के बाद अब तक जारी हुई पीजी के चार सत्रों का परिणाम पोर्टल पर प्रदर्शित होगा। इसको लेकर विश्वविद्यालय की ओर से नैड (नेशनल एकेडमिक डिपोजिटरी) को पिछले चार सत्रों में उत्तीर्ण हुए छात्र-छात्राओं का डाटा भेजा जाएगा। परीक्षा विभाग के स्तर से इसकी तैयारी शुरू कर दी गई है। परीक्षा विभाग के अधिकारियों ने बैठक कर जल्द से जल्द डाटा उपलब्ध कराने की योजना बनाते हुए इस पर काम करना शुरू कर दिया है। आइटी सेल के स्तर से एक्सेल शीट में पीजी का पूरा रिकार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। डिजिलाकर अपने फार्मेट के अनुसार इसमें से डाटा का चयन करेगा।

शिक्षा विभाग की ओर से दिए गए निर्देश के अनुसार 31 दिसंबर तक डाटा को अपलोड करना है। इस क्रम में सबसे पहले सीबीसीएस के तहत जारी हुए पीजी के रिजल्ट का रिकार्ड प्रदर्शित होगा। उसके बाद पूर्व के पीजी सत्र का रिकार्ड भेजा जाएगा। इसके बाद सीबीसीएस के तहत जारी होने वाले रिजल्ट का रिकार्ड भेजा जाएगा। डाटा में छात्र-छात्राओं का नाम, क्रमांक, विषय, क्रेडिट, ग्रेड समेत अन्य अहम जानकारी दर्ज रहेगी। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में 2018 सत्र से पीजी में सीबीसीएस लागू किया गया है। च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम के तहत सत्र 2018 - 20, 2019 - 21,2020 - 22, 2021 - 23 का रिजल्ट जारी किया जा चुका है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के डिप्टी कंट्रोलर डा. आनंद प्रकाश दुबे ने बताया कि सीबीसीएस लागू होने के बाद जारी हो चुके पीजी के विभिन्न सत्रों का फाइनल परिणाम डिजिलाकर पर अपलोड किया जाना है। परीक्षा विभाग के स्तर से डाटा भेजा जाना है।

**31** दिसंबर से पहले पीजी का रिकार्ड किया जाना है अपलोड, परीक्षा विभाग भेजेगा डाटा

**10** करोड़ 85 लाख 51 हजार 400 रुपये दूसरी किस्त के रूप में मिलेंगे शेष राशि



## संवद्ध कालजों के लिए अनुदान की पहली किस्त जारी

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के तहत संबद्ध कालेजों के लिए अनुदान की पहली किश्त जारी हुई है। शिक्षकों-कर्मचारियों के लिए 22.87 करोड़ रुपए जारी कर दिए गए है। सरकार के अनुदान का 30 फीसदी और कालेज के आंतरिक स्रोत से 70 प्रतिशत की राशि मिलाकर संबंधित कालेज के शिक्षक-कर्मचारियों को भुगतान करने का निर्देश दिया गया है। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय को शैक्षणिक सत्र 2014-17 के लिए पहली किश्त के रूप में 22 करोड़87 लाख 78 हजार 500 रुपए दिए गए है। वहीं शेष राशि 10 करोड़85 लाख 51 हजार 400 रुपए दूसरी किश्त के रूप में मिलेगी। पहली किश्त के भुगतान के बाद विश्वविद्यालय की ओर से उपलब्ध कराए गए उपयोगिता प्रमाण पत्र के आधार पर विभाग की ओर से शेष राशि दी जाएगी। उच्च शिक्षा विभाग के निदेशक डा. रेखा कुमारी ने पांच विश्वविद्यालयों के रजिस्ट्रार को सहायक अनुदान की राशि जारी करते हुए पत्र भेजा है। कहा है कि राशि वितरण में विभाग के नियमों का पालन करने के साथ ही पारदर्शिता की जवाबदेही विश्वविद्यालय की होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

# DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 28.12.2024, PAGE-06

# क्वार्टर फाइनल में पहुंचीं रांची समेत पांच विश्वविद्यालयों की टीमें

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** ईस्ट जोन इंटर यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता के दूसरे दिन शुक्रवार को कुल छह मुकाबले खेले गए। इस आधार पर रांची समेत पांच विश्विवद्यालयों की टीम ने जीत के साथ क्वार्टर फाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। रामेदेवी वीमेंस यूनिवर्सिटी, हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी, बर्दवान यूनिवर्सिटी, रांची यूनिवर्सिटी और उत्कल यूनिवर्सिटी की टीम ने जीत दर्ज की। शुक्रवार को खेला गया पहला मुकाबला बेहद रोमांचक रहा। चौथे क्वार्टर में मैत का नतीजा निकला। आखिर में रामादेवी वीमेंस यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने दीनदयाल यूनिवर्सिटी गोरखपुर को 44- 43 से पराजित किया। इसके बाद दूसरे मैच में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 58- 20 से पराजित कर अगले चक्र में जगह पाई। तीसरे मैच में विश्व भारती यूनिवर्सिटी ने जादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता को 40- 26 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल का टिकट हासिल किया। चौथे मैच में बर्दवान यूनिवर्सिटी ने एसजीजीवी सरगुजा यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 64- 39 से पराजित किया। पांचवे मैच में रांची यूनिवर्सिटी ने रेवेनशाव यूनिवर्सिटी कटक उड़ीसा को 43- 34 से पराजित क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। वहीं आखिरी मुकाबले में उत्कल विश्वविद्यालय ने विश्व भारती विश्वविद्यालय को 37 - 9 से हरा दिया। शुक्रवार को विशेष अतिथि के रूप में बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू डा. आलोक प्रताप सिंह, आरबीबीएम कालेज की प्राचार्य डा. ममता रानी व अन्य ने खिलाड़ियों का परिचय लिया।

**6** मुकाबले शुक्रवार को प्रतियोगिता में खेले गए

### आज होने वाले मुकाबले

- पहला मैच-रामा देवी वीमेंस यूनिवर्सिटी बनाम यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता
- दूसरा मैच-बीएचयू बनाम रांची यूनिवर्सिटी
- तीसरा मैच-हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग बनाम यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान
- चौथा मैच-एमजी काशी विद्यापीठ विश्वविद्यालय वाराणसी बनाम उत्कल विश्वविद्यालय



पूर्वी क्षेत्र अंतर विश्वविद्यालय महिला बास्केटबाल प्रतियोगिता में खेलते दुर्ग और रायपुर के खिलाड़ी ● जागरण

## राष्ट्रीय कुराश प्रतियोगिता में मिले तीन पदक

**जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर :** द इंडियन कुराश एसोसिएशन के तत्वावधान 23 से 25 दिसंबर तक पंजाब के लुधियाना में आयोजित राष्ट्रीय सीनियर कुराश प्रतियोगिता में बिहार के तीन खिलाड़ीयों ने पदक जीता। प्रतियोगिता के 66 किग्रा भार वर्ग में सौरव कुमार ने कांस्य, 73 किग्रा वर्ग में रितिक राज ने कांस्य तथा 100 किग्रा भार वर्ग में सुजीत कुमार सिंह ने रजत पदक जीतकर राज्य का नाम रौशन किया है। बताते चले की 30 नवंबर को मुजफ्फरपुर में आयोजित राज्य सीनियर कुराश प्रतियोगिता के आधार पर चयनित 24 सदस्यीय टीम जिसमें 11 महिला तथा 13 पुरुष ने राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लिया था। पदक जीतने वाले खिलाड़ियों को राज्य संघ के महासचिव प्रशांत तिवारी, अध्यक्ष अजय निषाद, कोषाध्यक्ष प्रणव भूषण ने बधाई दी है। शुक्रवार को खिलाड़ियों के मुजफ्फरपुर लौटने पर संघ के पदाधिकारियों ने भव्य स्वागत किया। इस दौरान खिलाड़ियों के चेहरे में उत्साह देखते ही बन रहा था।

**Ref:....................** **Date:..........................**

## PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE: 28.12.2024, PAGE-04

# 16 कॉलेजों को 33.73 करोड़ रुपये अनुदान स्वीकृत

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

□ पहली किश्त के भुगतान के बाद विश्वविद्यालय की ओर से जारी होगा उपयोगिता प्रमाण

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से स्थायी संबद्धता प्राप्त 16 कॉलेजों के शिक्षक-कर्मचारियों को जल्द ही भुगतान होगा. विभाग की ओर से 33.73 करोड़ रुपए के अनुदान की स्वीकृति दी गयी है. इसके साथ ही अनुदान की पहली किश्त के रूप में 22.87 करोड़ रुपए जारी किया गया है. पहली किश्त के भुगतान के बाद विवि की ओर से उपयोगिता प्रमाण पत्र दिया जायेगा, जिसके आधार पर विभाग दूसरी किश्त में शेष राशि उपलब्ध करायेगी. निर्देश के तहत सरकार के अनुदान का 30 फीसदी और कॉलेज के आंतरिक स्रोत से 70 फीसदी राशि मिलाकर संबंधित कॉलेज के शिक्षक-कर्मचारियों का भुगतान होना है. बता दें कि संबद्ध डिग्री महाविद्यालयों को आधारभूत संरचना, संबंधन, निर्धारित सीट के अनुसार नामांकन और विधिवत नियुक्त शिक्षक-कर्मचारियों की जांच के बाद अनुदान स्वीकृत किया गया है. बीआरएबीयू के चिह्नित कॉलेजों को शैक्षणिक सत्र 2014-17 के लिए पहली किश्त दी गयी है.

## राशि वितरण पर विभाग की गाइडलाइन जारी

उच्च शिक्षा निदेशक डॉ. रेखा कुमारी ने कुलसचिव को पत्र भेजकर कहा है कि राशि वितरण मे विभाग के नियमो का पालन करने के साथ ही पारदर्शिता की जवाबदेही विश्वविद्यालय की होगी. सहायक अनुदान राशि संबंधित कॉलेज को जारी करने से पहले विश्वविद्यालय की जिम्मेदारी होगी कि कॉलेज की संबद्धता सहित अन्य मामलो की जांच कर ले. इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित करना है कि कॉलेज मे शासी निकाय का विधिवत गठन किया गया हो. शासी निकाय के गठन मे यदि किसी तरह का विवाद हो, तो उसका निराकरण विश्वविद्यालय के स्तर से ही करना है. विशेष परिस्थिति मे विश्वविद्यालय को महाविद्यालय की तदर्थ समिति गठित करने का भी अधिकार है. अनुदान राशि का वितरण विधिवत गठित शासी निकाय या तदर्थ समिति के माध्यम से ही किया जायेगा.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR, DATE : 28.12.2024, PAGE-04**

### खेल शुरू होने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री के निधन पर दो मिनट का रखा गया मौन

# बास्केटबॉल चैंपियनशिप के छह मुकाबलों में पांच टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंच गयीं

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

बीआरए बिहार विश्वविद्यालय की मेजबानी में शुक्रवार को एलएन मिश्र कॉलेज आफ बिजनेस मैनेजमेंट में ईस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप के दूसरे दिन के पहले मैच में मैच में रामादेवी वीमेंस यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने दिन दयाल यूनिवर्सिटी गोरखपुर को बहुत ही रोमांचक मुकाबले में 44- 43 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया.

दूसरे दिन छह मुकाबले में पांच टीमें क्वार्टर फाइनल में पहुंची. इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. ममता रानी, प्राचार्य आरबीबीएम कॉलेज और विनोद बैठा उप-रजिस्ट्रार, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया. आयोजन समिति द्वारा उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

खेल शुरू होने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया, साथ ही उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गयी. पूर्व प्रधानमंत्री के आकस्मिक निधन होने के कारण शुक्रवार को होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया.

## आज होने वाले मुकाबले

- पहला मैच - रामा देवी वीमेंस यूनिवर्सिटी बनाम यूनिवर्सिटी आफ कोलकाता
- दूसरा मैच - बीएचयू बनाम रांची यूनिवर्सिटी
- तीसरा मैच - हेमचंद यादव विवि दुर्ग बनाम यूनिवर्सिटी आफ बर्दवान
- चौथा मैच - एमजी काशी विद्यापीठ विवि वाराणसी बनाम उत्कल



ललित नारायण मिश्र कॉलेज में खेलतीं बच्चियां.

## इस प्रकार रहा मैचों का परिणाम

### हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग क्वार्टर फाइनल में

दूसरे मैच में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 58- 20 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कल्याण झा, निदेशक, आईक्यूएसी, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय, और मनीष झा, सीनियर मैनेजर, एसबीआई, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मनोबल बढ़ाया.

### विश्व भारती यूनिवर्सिटी ने जीता मुकाबला

तीसरे मैच में विश्व भारती यूनिवर्सिटी ने जादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता को 40- 26 से पराजित किया. इस मैच के विशेष अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय थे. जिन्हें आयोजन समिति द्वारा मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया.

चौथे मैच में बर्दवान यूनिवर्सिटी ने एसजीजीभी सरगुजा यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 64- 39 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. विशेष अतिथि डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, और प्रोफेसर डॉ. व्यास नंदन शास्त्री, प्राचार्य, आरएस कॉलेज थे. जिन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया.

### रांची यूनिवर्सिटी जीती

5वें मैच में रांची यूनिवर्सिटी ने रेवेंशॉव यूनिवर्सिटी कटक उड़ीसा को 43- 34 से पराजित क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. विशेष अतिथि के रूप में डॉ रजनीश गुप्ता एचओडी साइकोलॉजी बीआरएबीयू, डॉ सुबालाल पासवान एग्जाम कंट्रोलर बीआरएबीयू डॉ धीरेन्द्र खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया.

### उत्कल विवि की जीत

अंतिम मुकाबले में उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने विश्व भारती यूनिवर्सिटी बंगाल को पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया. विशेष अतिथि के रूप में डॉ यूएस राय वरिष्ठ चिकित्सक ने सभी खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया.

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

## VISHVA GURU BHARAT, MUZAFFARPUR
## DATE : 28.12.2024, PAGE-02

# ईस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन का खेल प्रारंभ होने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया









**मदन मोहन ठाकुर (बिहार ब्यूरो चीफ, विश्व गुरु भारत)**

मुजफ्फरपुर। ईस्ट जोन इंटर-यूनिवर्सिटी महिला बास्केटबॉल चैंपियनशिप 2024 के दूसरे दिन का खेल प्रारंभ होने से पहले पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के आकस्मिक निधन पर 2 मिनट का मौन रखा गया, साथ ही उनके दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की गई। पूर्व प्रधानमंत्री के आकस्मिक निधन होने के कारण आज होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम को भी स्थगित कर दिया गया। आज के पहले मैच में रामादेवी वुमेन यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने दिन दयाल यूनिवर्सिटी गोरखपुर को बहुत ही रोमांचक मुकाबले में 44- 43 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. ममता रानी, प्राचार्य आर.बी.बी.एम. कॉलेज और श्री विनोद बैठा उप-रजिस्ट्रार, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। आज के दूसरे मैच में हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी दुर्ग ने पंडित रविशंकर शुक्ला यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 58- 20 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ. कल्याण झा, निदेशक, आईक्यूएसी, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, और श्री मनीष झा, सीनियर मैनेजर, एसबीआई, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर उनका मनोबल बढ़ाया। आज का तीसरे मैच में विश्व भारती यूनिवर्सिटी ने जादवपुर यूनिवर्सिटी कोलकाता को 40- 26 से पराजित किया। इस मैच के विशेष अतिथि के रूप में प्रोफेसर डॉ. राजीव कुमार, इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज, बी.आर.ए. बिहार विश्वविद्यालय, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उन्हें मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। वहीं आज के चौथे मैच में बर्दवान यूनिवर्सिटी ने एस . जी.जी.भी सरगुजा यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ को 64- 39 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।इस मैच के विशेष अतिथि डॉ. आलोक प्रताप सिंह, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, और प्रोफेसर डॉ. श्याम नंदन शास्त्री, प्राचार्य, आर.एस. कॉलेज, ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। आयोजन समिति द्वारा उन्हें स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। आज के पांचवे मैच में रांची यूनिवर्सिटी ने रेवेंशॉव यूनिवर्सिटी कटक उड़ीसा को 43- 34 से पराजित क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ रजनीश गुप्ता एच. ओ. डी साइकोलॉजी बी आर ए बिहार यूनिवर्सिटी, डॉ सुधा. लाल पासवान एग्जाम कंट्रोलर बी आर ए बिहार यूनिवर्सिटी, डॉ धीरेन्द्र खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया।

परिणाम : आज के छठे और अंतिम मुकाबले में उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने विश्व भारती यूनिवर्सिटी बंगाल को 37- 09 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ यू एस राय वरिष्ठ चिकित्सक ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।

आज के छठे और अंतिम मुकाबले में उत्कल यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ने विश्व भारती यूनिवर्सिटी बंगाल को 37- 09 से पराजित कर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।इस मैच में विशेष अतिथि के रूप में डॉ यू एस राय वरिष्ठ चिकित्सक ने सभी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया।